
छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प


नवम्बर-दिसम्बर 2015 ▪ वर्ष-11



छ.ग. विद्युत कं. मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवम्बर-दिसम्बर 2015 ■ वर्ष-11



**संरक्षक**

■ श्री शिवराज सिंह
अध्यक्ष

■ श्री सुबोध सिंह
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग कं. मर्या.)

■ श्री विजय सिंह
प्रबंध निदेशक (पारेषण कं. मर्या.)

■ श्री शशिभूषण अग्रवाल
प्रबंध निदेशक (उत्पा. कं. मर्या.)

■ श्री अनूप कुमार गर्ग
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग कं. मर्या.)

■ श्री अंकित आनंद
प्रबंध निदेशक (वित. कं. मर्या.)

■ श्री शारदा सिंह
कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)

■ श्री गौतम मुखर्जी
अति. महाप्रबंधक (मा.सं.)

**संपादक**

■ विजय कुमार मिश्रा
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)

**सहयोग**

■ जाबिर मोहम्मद कुरैशी

**छायाकार**

■ संजय टेम्बे

**पता :**
**संपादक : संकल्प**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.
डंगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | दिसम्बर 2015 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2286 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 92 नग |
| अति उच्चदाब लाईनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11111 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1075 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 960 नग |
| 33 के.व्ही. लाईनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 18276 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 119911 नग |
| 11 के.व्ही. लाईनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 89348 कि.मी. |
| निम्नदाब लाईनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 158146 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 18606 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 95.08 |
| विद्युतीकृत मजराटोलो की संख्या | 10375 | 25647 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 356662 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1559550 |

# अहंकार छोड़ जनता का दिल जीतें अफसर

## - डॉ. रमन सिंह



**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर के निकट स्थित निमोरा में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए आयोजित बारह दिवसीय उत्प्रेरणा (इंडक्शन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यप्रणाली से जनता का दिल जीतने का प्रयास करें।

सभी श्रेणियों के सरकारी सेवकों को अधिक से अधिक संवेदनशील होने के साथ ही अहंकार से बचने की सलाह उन्होंने दी। मुख्यमंत्रीजी ने कहा कि शासकीय सेवकों को कार्यालय में आवेदन लेकर आने वाले आम नागरिकों के साथ सहजता से पेश आना चाहिए और उनकी बातें धैर्य से सुननी चाहिए। यथासंभव उनके साथ स्थानीय बोलचाल की भाषा में या उन्हीं की बोली-भाषा में बातचीत करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद और परेशान लोगों को सरकारी दफ्तरों में अपनेपन का एहसास हो सके।

आगे उन्होंने यह भी कहा कि मैदानी स्तर पर जनता से सीधे जुड़े विभागों में दो प्रकार के अधिकारी होते हैं। पहला प्रकार उन अधिकारियों का होता है जिनके तबादले पर स्थानीय जनता खुशी मनाती है और पटाखे फोड़कर और यह कहकर अपनी खुशी का इजहार करती है कि चलो, बला टली। दूसरे प्रकार के अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले पर स्थानीय जनता को दुख होता है। कई बार तो उनके जाने पर लोग दुखी होकर आंसू भी बहाते है। अब यह सरकारी अफसरों और कर्मचारियों पर निर्भर करता है कि वह इनमें से किस स्तर के शासकीय सेवक होना पसंद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी कामकाज में प्रशिक्षण एक निरंतर चलनी वाली प्रक्रिया है। मैंने भी भारतीय प्रबंध संस्थान (आई.आई.एम.) में जाकर कुछ दिनों का प्रशिक्षण लिया है। तेजी से बदलती आज की दुनिया में हर क्षेत्र में आ रहे परिवर्तनों की जानकारी शासकीय सेवकों को भी होनी चाहिए। हमें प्रतिदिन अपडेट होते रहना चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा - जो व्यक्ति यह सोचता है कि उसे सब कुछ मालूम है या वह सब कुछ जानता है, तो समझो कि उसके पतन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

अधिकारियों और कर्मचारियों को हर परिस्थिति में धैर्य रखने और सहनशीलता के साथ ठंडे दिमाग से आम जनता, विशेष रूप से आम लोगों की बात सुनने की सलाह देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसमें ऐसी क्षमता होती है, वही अच्छा अधिकारी या अच्छा कर्मचारी होता है। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन स्तर पर बदलाव के लिए कई योजनाएं चल रहीं हैं जिनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर है। उन्हें इन योजनाओं में जनता की भागीदारी और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है।

बिजली के ताकत पाके सिंचाई पम्प हर घर्र-घर्र घर्र-घर्र करत किसान के खेत ला पलोये बर भल-भल भल-भल पानी फेंके लागथे। किसान मन अब धान के संगे संग अउ दूसर किसिम किसिम के उपज बोवंत-उपजावत हे। बड़ा गरब के बात आय की बिजली के बल मा चाऊंर उपजाये के मामला मा छत्तीसगढ़ राज ला देस भर मा सबले बढ़िया होय के इनाम ''राष्ट्रीय कृषि कर्मण'' अउ ''एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड'' मिले हवय।



# भुइयां के भगवान के बल आय बिजली

छत्तीसगढ़ हर अपन उमर के पन्द्रह बछर ला 01 नवम्बर 2015 के पूरा कर लीस। ये राज के पहिचान देस-दुनिया मा धान के कटोरा के नावं ले तको हवय। इहां किसान मन ला भुइयां के भगवान केहे जाथे। छत्तीसगढ़ महतारी के किसनहा बेटा मन ला पंडित द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र जी हर ''भुंइया के भगवान'' के नाम देहे हवय। ये भगवान के औजार नांगर, हर आय। अपन जांगर के भरोसा खेत मा नांगर चला चला के इहां के किसान हर जन-जन बर धान ला उपजाथे।

इहां के खेती किसानी बर चौमास के चार महीना मा बरसे पानी हर बरदान बरोबर होथे, काबर की इही पानी के कमी बेसी हर किसान के संगे संग छत्तीसगढ़ मा रहोइया आमजन के जिनगी मा तीज -तिहार अउ अकाल-दुकाल के दसा- दिसा ला तय कर देथे। फेर बदलत बेरा मा अब नवां राज छत्तीसगढ़ के बिजली हर भुइयां के भगवान के अटूट बल बनगे हवय। ऐखर बल मा 15 बछर ला पूरा करत करत छत्तीसगढ़ के किसान ''नवां सुख अउ नवां बिहान'' के सपना ला पूरा करीन हवयं।

बिजली के ताकत पाके सिंचाई पम्प हर घर्र-घर्र घर्र-घर्र करत किसान के खेत ला पलोये बर भल-भल भल-भल पानी फेंके लागथे। किसान मन अब धान के संगे संग अउ दूसर किसिम किसिम के उपज बोवंत-उपजावत हे। बड़ा गरब के बात आय की बिजली के बल मा चाऊंर उपजाये के मामला मा छत्तीसगढ़ राज ला देस भर मा सबले बढ़िया होय के इनाम ''राष्ट्रीय कृषि कर्मण'' अउ ''एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड'' मिले हवय।


अकाल दुकाल के बेरा मा इहां के बिजली हर बुगबुगावत किसान के माथा मा चिन्ता फिक्रर के लकीर ला परन नइ देवय। ये हू बछर ये बात हर उभर के दिखीस हवय। काबर की कम पानी बरसे के कारण छत्तीसगढ़ के बहुत बड़े हिस्सा हर सुक्खा के चपेट में आ गे हवंय। इहां के किसान अकाल अउ करजा मा बूड़े अकाल मउत मरे के मन तको बना लेवत हें। अइसन बिकट बेरा मा किसान मन के चिन्ता हरें बर सरकार हर पहिली ले अउ जादा बिजली देहे के फैसला करीस हवय।

ये नवां फैसला के फायदा जल्दी अउ जियादा ले जियादा किसान मन ला मिलय ये जबड़ जवाबदारी अब जम्मो बिजली कामगार मन के खांद मा माड़ गे हवय। जउन हर ऐहू बात ला उजागर करत हवय की किसान के सही मितान बिजली कामगार मन होथे। मुसीबत के बेरा मा किसान के चेहरा अउ हिरदे मा उछाह के बांध ला ए मन बांधे राखथें। इही कामगार मन के दमखम मा खेती किसानी के काम बर धारोधार बिजली पाके भुइयां के भगवान किसान मन आसा के बतासा ला अपन खींसा ले बगरन नइ देवयं।

अइसन जवाबदारी ला एहू बछर पूरा करे बर अउ सुक्खा के असर कम करे खातिर भरपूर बिजली जुटाये म जुटे बिजली कामगार मन ला अपन हिरदे मा ये हू बात ला राखना चाही -

***हंसता हुआ चेहरा आपकी शान बढ़ाता है........***
***हंसकर किया हुआ कार्य आपकी पहचान बढ़ाता है.***

**विजय मिश्रा**



# राष्ट्रीय ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास की सराहना

देश भर के राज्यों के ऊर्जा-कोयला खान मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन केरल राज्य के कोच्ची में 07 नवम्बर 15 को संपन्न हुआ। सम्मेलन में मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रतिनिधि के रूप में मान. वन मंत्री श्री महेश गागड़ा ने सक्रिय भागीदारी दी। सम्मेलन में उपस्थित मान. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में उन्होंने छत्तीसगढ़ में हो रहे तीव्र विद्युत विकास एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रभावी प्रस्तुति दी। इस पर विभिन्न राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों-उच्चाधिकारियों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ में हो रहे विद्युत विकास की खुल कर सराहना की। विशेषकर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर एनर्जी के माध्यम से बिजली पहुंचाने की खासी चर्चा रही।

सम्मेलन में श्री गागड़ा ने केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री को बताया कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों को विद्युतीकृत करने विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में 1702 गांव तक सोलर एनर्जी के माध्यम से बिजली पहुंचाई गई है, शेष 1080 अविद्युतीकृत ग्रामों में से 798 ग्राम तक बिजली पहुंचाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है, इनमें से 382 गांव बस्तर के दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आते है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर के दूरस्थ नक्सल प्रभावित ग्रामों में बिजली पहुंचाने हेतु विशेष योजना तैयार करने पर सम्मेलन में सहमति बनी। इस हेतु केन्द्र से भी विशेष सहयोग की मांग की गई।

मान. वन मंत्री ने इस दौरान आग्रहपूर्वक बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगभग 1943 करोड़ रूपये की योजना प्रदेश की विद्युत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु बनाई गई है। इसे क्रियान्वित करने हेतु वितरण कंपनी को वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए केन्द्र शासन द्वारा आवश्यक अनुदान देने की योजना लागू की जावे। इसी क्रम में सम्मेलन में वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद ने बताया कि वर्ष 2016-17 तक प्रदेश के सभी अविद्युतीकृत ग्रामों तक बिजली पहुंचाने की कारगर योजना पर तेजी से काम जारी है।

प्रदेश में एनर्जी एफिशिएंसी को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्रीजी के निर्देशानुसार प्रत्येक बी.पी.एल. परिवार को एलईडी बल्ब निःशुल्क तथा प्रत्येक एपीएल परिवार को एलईडी बल्ब सशुल्क देने की योजना है जो कि शीघ्र ही प्रदेश में प्रारंभ की जायेगी। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य शासन ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव श्री अमन सिंह, क्रेडा के निदेशक श्री एस.के. शुक्ला एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला में छत्तीसगढ के विद्युत विकास की प्रभावी प्रस्तुति

देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास की प्रभावी प्रस्तुति की गई। व्यापार मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के पैवेलियन के अन्तर्गत पॉवर कम्पनीज का स्टाल जनाकर्षण का केन्द्र बना रहा। इसमें जीरो पॉवर कट स्टेट छत्तीसगढ़ में कृषि एवं उद्योग जगत के साथ ही साथ ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्रों में हो रहे विद्युत से विकास की प्रभावी प्रस्तुति की गई। छत्तीसगढ़ के मंडप में 21 नवम्बर को छत्तीसगढ़ दिवस समारोह में प्रदेश के मान. संस्कृति मंत्री श्री दयाल दास बघेल सहित मान. सांसद द्वय सर्वश्री रमेश बैस, चंदूलाल साहू एवं सी.एस.आई.डी.सी. के मान. अध्यक्ष श्री छगन मूंदड़ा ने दिल्लीवासियों की उपस्थिति में प्रदेश के चहुंमुखी विकास की चर्चा की।

मेला स्थल पर पधारे आगन्तुकों को वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री पी.के.खरे एवं रेसीडेसियल इंजीनियर श्री आर.के. शंकर ने छत्तीसगढ़ में हो रहे विद्युत विकास और उपभोक्ताओं के हित में निर्मित भावी योजनाओं की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के पवेलियन में नया रायपुर में विद्युत विकास, प्रदेश के आदिवासी अंचल बस्तर में आदर्श ग्राम विद्युतीकरण, प्रदेश के जल एवं ताप विद्युत गृह तथा कोल माइंस से विद्युत गृहों तक कोयला परिवहन हेतु



संचालित कन्वेयर बेल्ट का चलित मॉडल जनाकर्षण का केन्द्र बने। इसी तरह नवोदित राज्य छत्तीसगढ़ में विद्युत उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर दी जा रही बिजली सहित ऑन लाईन उपभोक्ता सेवायें, ई-सम्पर्क सेवा, केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के संचालन को भी मेला स्थल पर पधारे विशिष्टजनों ने सराहा।

# पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. मेहता एवं मुख्य अभियंता श्री आर.के. तिवारी को भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. मेहता एवं मुख्य अभियंता श्री आर.के. तिवारी की सेवानिवृत्ति पर उन्हें 30 नवम्बर 2015 को भावभीनी विदाई दी गई। विद्युत सेवा भवन में आयोजित विदाई समारोह में विद्युत कंपनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतिकात्मक भेंट प्रदान कर शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में श्री सिंह ने सेवानिवृत्त ईडी श्री मेहता एवं सी.ई. श्री तिवारी के कार्यों को विद्युत विकास के लिए बहुमूल्य निरूपित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसेवक में व्यवहार कुशलता और सबको साथ लेकर चलने का गुण होना चाहिये। ये दोनों गुण आप लोगों में हैं। इन गुणों को दूसरे अधिकारियों को भी अनुकरण करना चाहिये। इस अवसर पर पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने कहा कि सेवानिवृत अनुभवी अधिकारियों की कमी कंपनी हमेशा महसूस करेगी। हमारे इन अधिकारियों ने दूसरे कर्मचारी-अधिकारियों पर अपनी बेहतर कार्यशैली की छाप छोड़ी। ईडी श्री मेहता एवं सीई श्री तिवारी ने अपने 38 वर्षों की सेवा का अनुभव सुनाया। उन्होंने बताया कि दोनों ने स्कूल और कॉलेजों में एक साथ पढ़ाई की और आज एक साथ सेवानिवृत्त हो रहे है। इस मौके पर प्रबंधक निदेशक गण सर्वश्री अंकित आनंद, एस.बी. अग्रवाल, ए.के. गर्ग, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन योगेश नैय्यर ने किया।



### भारप्रेषण केन्द्र में विदाई समारोह

इसके अलावा पारेषण कंपनी के भार प्रेषण केन्द्र में बिलासपुर के कृष्ण दिवाकर सिलेदार, खेदामारा के गेंद सिंह पदमाकर और भिलाई के के. धर्मराज को भी सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई।

## अनुभव का कोई विकल्प नहीं : श्री शिवराज सिंह


कालचक्र के नए वर्ष में हम सब प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में हमारे सामने नई चुनौतियों के साथ नई क्षमता भी है। व्यक्ति के जीवन में अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता है। जो जितना ज्यादा अनुभवी होता है, वह उतना ही सफल माना जाता है। हम सारी परिस्थितियों को अनुभव करके नहीं देख सकते, इसलिए कहा जाता है कि दूसरे के अनुभवों को सुनना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए। जिस व्यक्ति को जीवन में सबकुछ अपने इच्छानुसार मिलता जाए वह कभी भी सफल नहीं हो सकता, क्योंकि सफलता के लिए परिश्रम और संघर्ष की जरूरत पड़ती है। जिसे जीवन में कभी कोई अप्रिय बात या असफलता या फिर अनचाही चीज का सामना नहीं करना पड़ा हो वह कुछ भी सीख नहीं पाता। दुनिया में जितने भी महापुरुष हुए हैं, वे विपरीत परिस्थितियों को पार करके ही निकले हैं। इसी तरह जिस कर्मचारी-अधिकारी को कारण बताओ नोटिस मिला हो, वह काम करने वाला ही होता है, क्योंकि काम करेंगे तभी तो गलती होगी। जानबूझकर गलती करना ही गलत होता है। नए साल में बेहतर ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लें।

# पॉवर कंपनी के सीई श्री गोलवलकर की भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता श्री जी.डी. गोलवलकर की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई 31 दिसम्बर 15 को पॉवर कंपनी मुख्यालय में दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने कंपनी की ओर से देय प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके भावी सुखमय जीवन की कामना की। किया। सेवानिवृत्त हुये मुख्य अभियंता श्री गोलवलकर की सेवाओं को कंपनी एवं प्रदेश हित में बहुमूल्य निरूपित करते हुये उन्होंने कहा कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। अनुभवीजनों को सुनना वृहद ज्ञान को सरलता से अर्जित करने का एक उपाय है। इसी क्रम में प्रबंध निदेशक सर्वश्री एस.बी. अग्रवाल, विजय सिंह, अंकित आनंद, पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री शारदा सिंह एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने भी अपनी शुभकामनायें व्यक्त की। समारोह में श्री गोलवलकर ने पॉवर कंपनी में बिताये अपने 37 वर्षीय कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया तथा सफलतापूर्वक सेवा का श्रेय अधिकारियों/ कर्मचारियों से मिले सहयोग को दिया। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# पॉवर कम्पनी के सुरक्षा अधिकारी श्री साहू का पद अंलकरण




छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग में पदस्थ सुरक्षा निरीक्षक श्री आर.के. साहू की पदोन्नति सुरक्षा अधिकारी के पद पर की गई है। नवपदस्थ सुरक्षा अधिकारी श्री साहू को पदोन्नति उपरांत पॉवर कम्पनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में प्रबंधक निदेशक (होल्डिंग कंपनी) श्री अनूप गर्ग तथा उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन)-एक श्री डी.डी. पात्रीकर ने पीपिंग आउट (पदालंकरण अनावरण) कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारी श्री सी.एस. ठाकुर, उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा, सहायक प्रबंधक श्री पकंज सिंह, सबइंस्पेक्टर श्री प्रभुशरण सिंह आदि अधिकारियों/कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

# पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मियों की भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये कर्मियों को मुख्यालय डंगनिया के भारप्रेषण केन्द्र स्थित सभाकक्ष में 31 दिसम्बर 2015 को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने रिटायरमेंट के पश्चात देय लाभ, जीपीएफ समेत ग्रेच्युटी अवकाश नगदीकरण एवं पेंशन आर्डर तथा सेवा प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पारेषण कंपनी के हर एक कर्मचारी एक मजबूत स्तंभ के मानिंद हैं। कंपनी अपने सभी कर्मियों की हितैषी है, अतः उनके करियर की बेहतर प्लानिंग की दिशा में कंपनी काम कर रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी तकनीकी सहायक श्री रामनारायण कैवर्त्य भिलाई और लाईन सहायक पंचूलाल साहू, सेक्शन ऑफिसर श्रीमती प्रभा बक्शी रायपुर को प्रमाणपत्र भेंट किया। कार्यक्रम में नव पदोन्नत नए चीफ इंजीनियर (टी. एंड सी.) आरसी चौबे को भी एमडी श्री सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभव बांटे उन्होंने समाज के लिए समय देने की इच्छा जताई। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री के.एस. मनोठिया संजय पटेल, चीफ इंजीनियर डब्ल्यू.आर. वानखेड़े, एसीई तृप्ति सिन्हा तथा वित्त विभाग के जीएम श्री वाई.बी.जैन समेत सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। आभार प्रदर्शन डीजीएम (एचआर) श्री एच.के. बघेल एवं मंच संचालन श्री योगेश नैय्यर ने किया।



# प्रदेश में तीव्र विद्युत विकास करने 'केपिटल इनवेस्टमेंट योजना' बनी

## राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में 7466 करोड़ रूपये निवेश की योजना

छत्तीसगढ़ में तेज गति से विद्युत विकास करने एवं विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु पांच वर्षीय केपिटल इनवेस्टमेन्ट प्लान (सीआईपी) बनाया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 7466 करोड़ रूपये के विद्युत विषयक कार्य शामिल है। वितरण कंपनी के संचालक मण्डल द्वारा इस योजना की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस बहुद्देश्यीय योजना की अवधि 2016-17 से 2020-21 निर्धारित की गई है।

इस योजना के अन्तर्गत सामान्य विकास योजना, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, मुख्यमंत्री मजरा टोला विद्युतीकरण, ईआईटीसी, सेप, आईटी प्रोजेक्ट, सिविल वर्क, इंटीग्रेटेड पॉवर डेवलपमेंट स्कीम, शासकीय स्कूल एवं चिकित्सालयों में विद्युतीकरण, कृषि पंपों के ऊर्जीकरण तथा ग्रामीण विद्युतीकरण एवं आर-एपीडीआरपी के कार्य पूर्ण किये जायेंगे। इन कार्यों में शामिल आई.टी. से संबंधित कार्यों की पूर्णता से प्रदेश भर के कार्यालयों का आपसी सम्पर्क जीवन्त हो सकेगा जिससे विद्युत विषयक सूचनाओं का त्वरित संचार सहित ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं की सुविधा में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

सीआईपी के अन्तर्गत शामिल सामान्य योजना (एस.टी.एन. योजना) में कुल 4500 किलोमीटर लम्बी 33 के.व्ही. लाईन विस्तार के साथ 33/11 के.व्ही. के 290 विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। इस कार्य हेतु 1006 करोड़ रूपये का आकलन किया गया है। इसके क्रियान्यवन से प्रदेश भर में सतत् गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अलावा पम्प बाहुल्य वाले क्षेत्रों में सिंचाई पंपों के फीडर पृथक करने का कार्य किया जायेगा जिससे आवासीय क्षेत्रों को निरन्तर विद्युत आपूर्ति की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। वितरण कंपनी द्वारा प्रदेश के कैपिटल इनवेस्टमेन्ट प्लान के तहत वितरण हानि कम करने पर भी विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। आगामी पांच वर्षों के दौरान कुल 965 करोड़ रूपये के व्यय से अन्य कार्यों के साथ साथ बिजली की चोरी की रोकथाम हेतु खुले तार के स्थान पर 9000 किलोमीटर केबल लगाये जायेंगे।

# अंतरक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज फुटबाल स्पर्धा का आयोजन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया खेल मैदान में तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय फुटबाल स्पर्धा का शुभारंभ 21 दिसम्बर 15 को हुआ। स्पर्धा का उद्घाटन पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री ए.के. गर्ग ने किया। उन्होंने कहा विद्युत क्षेत्र में राष्ट्र स्तर पर छत्तीसगढ़ अव्वल बना हुआ है। खेल जगत में भी हमारे खिलाड़ी ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करते हुए खेल भावना को बनाये रखेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. चौहान रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री एम.एल. मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.एस. नेताम एवं खेल सचिव श्री पी.के. खरे ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## कोरबा पश्चिम विजेता तथा बिलासपुर क्षेत्र उपविजेता

फाईनल मुकाबला में कोरबा पश्चिम को विजेता तथा बिलासपुर क्षेत्र की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कोरबा पश्चिम की टीम ने बिलासपुर क्षेत्र के विरूद्ध 4-2 गोल से विजेता होने का ताज पहना। तीन दिवसीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्री सरजन राम ने मैन ऑफ दी मैच तथा श्री एस.के. बारियो ने बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया। 23 दिसम्बर को स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एच.आर. नरवरे तथा विशिष्ट अतिथि रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री एम.एल. मिश्रा, पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री के.एस. मनोटिया, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष श्री मुस्ताक अली ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुये पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री पी.के. खरे ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।





## विद्युत उपकेंद्र डोमा-रायपुर में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत


छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित द्वारा "डोमा" जिला रायपुर के 220/132 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र में 40 एमव्हीए क्षमता का एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। जिसके निर्माण में लगभग 4.5 करोड़ रूपये की लागत का व्यय अनुमानित है। इस संबंध में कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री विजय सिंह ने बताया कि पूर्व में इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 220/132 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र डोमा-रायपुर के एक मात्र 40 एमव्हीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के माध्यम से की जा रही थी। एक ही ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने के कारण इस क्षेत्र में आये दिन विद्युत व्यवधानों की आशंका बनी रहती थी, किन्तु उपकेंद्र में एक और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर 40 एमव्हीए क्षमता का स्थापित हो जाने के कारण अब निश्चित रूप से व्यवधानों में कमी होगी तथा अब ट्रांसफार्मर्स की क्षमता 80 एमव्हीए हो जाने के कारण ओवरलोड़ की समस्या नहीं होगी।

## THE VALUE OF BRILLIANCY

An engine in a factory failed. The owners tried one expert after another, but none of them could figure how to fix the engine. Then they brought in an old man who had been fixing engines since he was young. He carried a large bag of tools with him, and when he arrived, he immediately went to work. He inspected the engine very carefully, top to bottom. The old man reached into his bag and pulled out a small hammer. He gently tapped something. Instantly, the engine lurched into life. He carefully put his hammer away.

The engine was fixed! A week later, the owners received a bill from the old man for Rs. 10,000. "What! The owner surprised with volume of amount. They asked a detailed bill from the old man. " Please send us an itemized bill." The man sent a bill that read: Tapping with a hammer - Rs. 2/- Knowing where to tap ....Rs. 9,998/-

**Effort is important, but knowing where to make an effort in your life, makes all the difference.**



पहुंची बिजली

# रोशन हुआ गांव बोड़ानाला






## बिजली से आई बहार



कोरबा से 60 किलोमीटर दूर पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बोड़ानाला में 26 दिसम्बर 2015 को जब बिजली पहुंची तो ग्रामीणजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। कई दशकों से अँधेरे में डूबा यह गांव बॉंगों बांध डूबान से लगा हुआ है। यहॉं लगभग हरेक घर में नाव है। नाव से ही ग्रामीणजन एक गांव से दूसरे गांव तक का सफर करते हैं। मछली पकड़ना ही यहॉं की दिनचर्या और पहचान है। साल भर में 365 दिन तक पानी में डूबे रहने वाले आसपास के इलाकों की तरह बोड़ानाला गांव भी वर्षों से अँधेरे में डूबा हुआ था।

प्राकृतिक सुंदरता और नैसर्गिक वातावरण से परिपूर्ण इस गांव की खुबसूरती लोगों को आकर्षित करती है, पर गांव वालों को अपने गांव में बिजली नहीं होने का बड़ा मलाल था। हालांकि सौर ऊर्जा की व्यवस्था से रात्रि के समय कुछ घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध हो जाती थी, किन्तु आधुनिक संचार साधन टीव्ही, अन्य उपकरण के लाभ से वंचित गांव के छात्र-छात्राओं को चिमनी अथवा ढिबरी में पढ़ने की नौबत ग्रामीणजनों को बेचैन किये रहती थी।



बोड़ानाला के निवासियों की पीड़ा को हरने राज्य शासन की नीति के अनुरूप सब घरों को बिजली देने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने विशेष सक्रियता दिखाई। आखिरकार बोड़ानाला में बिजली से बहार आ गई। संचारण एवं संधारण वृत्त कोरबा के अधीक्षण अभियंता श्री के.एस. भारती सहित उनकी टीम में शामिल कार्यपालन अभियंता श्री टी.आर. रजवाड़े एवं आर.जी.जी.व्ही.वाय. के श्री एन.यू. खान एवं अन्य कर्मियों ने इन ग्रामवासियों के सपने को साकार करने में विशेष भूमिका का निर्वहन किया। कार्यपालन अभियंता श्री टी.आर. रजवाड़े ने जानकारी दी कि बोड़ानाला में 1.75 किलोमीटर तक 11 केव्ही और 1.66 किलोमीटर एलटी लाईन खींची गई है। गांव में 16 एवं 25 केव्ही के दो ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं। इस ग्राम में निवासरत 36 बीपीएल परिवारों को एकलबत्ती कनेक्शन भी दिये गये हैं।

ग्राम बोड़ानाला में बिजली की सुविधा मुहैया होने के बाद ग्रामीण मेवाराम का कहना है कि सौर सिस्टम में टीव्ही और अन्य उपकरण चलाने में असुविधा थी। बिजली पहुंच जाने से वे टीव्ही तथा अन्य विद्युत उपकरण का लाभ उठा सकते हैं। इसी ग्राम में रहने वाली महिला फगनी बाई का कहना है कि उनके गांव में सभी अंधेरे के बीच रहते थे। आसपास जंगल और पानी का डूबान होने की वजह से अंधेरे में रहना एक बड़ी चुनौती और समस्या थी। उनके गांव के आसपास पानी है लेकिन इसका उपयोग फसलों की सिंचाई में नहीं कर पाते थे। अब बिजली की मदद से पंप लगाकर पानी का उपयोग फसल के साथ साथ सब्जी उगाने में भी कर सकते हैं। इसी तरह कमलेश का कहना है कि अब दिन में भी बिजली की सुविधा मिलने लगी है। गांव के बच्चे बिजली की रोशनी में अच्छी पढ़ाई रात में भी कर सकेंगे।

# कोरबा-पश्चिम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का चिकित्सालय प्रारम्भ



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के आवासीय परिसर में संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम का चिकित्सालय का शुभारंभ हुआ। चिकित्सालय के शुभारंभ विषयक कार्यो में उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल की प्रेरणा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के डॉ. आफताफ सिद्दीकी का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मुख्य आतिथ्य श्री ओ.सी. कपिला ने कहा कि यह उपलब्धि श्रमिकों के सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगी। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि श्री एन.के. बिजौरा एवं श्री प्रवीण सेलट ने ठेका श्रमिकों की चिकित्सा सुविधा हेतु इस उपलब्धि को अत्यंत महत्वपूर्ण प्रतिपादित किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि इस चिकित्सालय में श्रमिकों को बेहतर प्राथमिक चिकित्सा, उच्च स्तर की दवाईयां उपलब्ध कराई जायेंगी। आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ सलाह हेतु बड़े अस्पताल में रिफर भी किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि दर्री क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का यह पहला पूर्ण चिकित्सालय है जिसका लाभ छ.रा. वि.उत्पा.कं. के साथ-साथ एन.टी.पी.सी. में कार्यरत ठेका श्रमिकों को भी प्राप्त होगा। हसदेव ताप विद्युत गृह में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वेतन से कर्मचारी राज्य अधिनियम के परिपालनार्थ अंशदान की कटौती तो की जाती थी किन्तु दर्री क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का चिकित्सालय उपलब्ध नहीं होने के कारण उनके अंशदान के एवज में उन्हें चिकित्सा लाभ प्राप्त नहीं होता था। अब आवासीय परिसर में ही श्रमिकों को प्रभावी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से ठेकाश्रमिकों तथा श्रमिक संघों ने खुशी व्यक्त की तथा प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की। चिकित्सालय प्रारंभ करवाने में श्री अशोक जैन कार्यपालन अभियंता, श्री पी.के. दवे, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एवं नितीन शिवालकर, सहायक अभियंता (सिविल) का भी विशेष योगदान रहा। उद्घाटन समारोह का संचालन आर.एस. रात्रे, कल्याण अधिकारी तथा आभार डॉ. सिद्दीकी द्वारा किया गया।




# रायगढ़ में तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन स्पर्धा



अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 दिसंबर 2015 तक रायगढ़ स्टेडियम में किया गया, इसमें प्रदेश के 6 रीजन के 68 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन रायगढ़ विधायक श्री रोशन अग्रवाल एवं कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल के द्वारा किया गया। रीजन की टीम प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम विजेता रही और यहां मेजबान बिलासपुर क्षेत्र को रनर अप का खिताब मिला।

स्पर्धा में पुरुष व महिला सिंगल्स, डबल्स, वेटरन सिंगल व डबल के साथ ही टीम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला बैंडमिंटन संघ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस स्पर्धा में पुरुष एकल के विजेता कोरबा पश्चिम के अविनेश पाठक रहे जिन्होंने अपने क्षेत्र के ही बी.के. साव को दो सीधे सेटों में हराया। इसके पूर्व पुरुष युगल के फायनल में कोरबा पश्चिम के बी.के साव व नरेन्द्र उइके की जोड़ी ने कोरबा पश्चिम के ही अविनेश पाठक व एच. मारकंडे को हराया। वेटरन प्रतियोगिता के एकल वर्ग के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम के जे.एस. ठाकुर व बापट की जोड़ी ने रायपुर के एस.के. पंडा व संजय अग्रवाल की जोड़ी को हराकर जीती।

स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अलरमेल मंगई डी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एस.पी. डॉ. संजीव शुक्ला थे। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहते हुए सफल आयोजन के लिए कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल, रायगढ़ के अधीक्षण यंत्री श्री सी.एस. सिंह व उनकी टीम को बधाई दी।

अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला सिंगल्स में कोरबा पश्चिम की अनिता सिंह तथा युगल में अनिता की शानदार खेल की बदौलत दिव्या के साथ उनकी जोड़ी ने रायपुर सेंट्रल की ईरा पंत और नमिता जैन को हरा कर, स्पर्धा अपने नाम की।

# विद्युत कर्मियों द्वारा संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन






छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन प्रागंण में 26 नवम्बर 2015 को भारत का संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल के साथ उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। वाचन स्थल पर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह, होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री ए.के. गर्ग, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री शारदा सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण बहुसंख्या में उपस्थित थे।

भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 125वीं वर्षगांठ पर आयोजित संविधान दिवस समारोह के संयोजक उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल थे। उपस्थितजनों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुये "हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने, राष्ट्र की एकता और अखण्डता, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर संविधान को अंगीकृत एवं आत्मार्पित करने की पक्तियों को दोहराया।

# पॉवर कंपनी में मानव अधिकार सम्मान शपथ कार्यक्रम



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में 10 दिसम्बर 15 को राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ लिया गया। शपथ कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने कार्यपालक निदेशक (वाणिज्य) श्री जी.सी. मुखर्जी के साथ भारत के संविधान को पूर्ण निष्ठा से धारण करने, बिना किसी भेदभाव के मानव अधिकारों के सम्मान को बनाये रखने की प्रतिज्ञा की। समारोह का संयोजन पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रभारी प्रमुख (मानव संसाधन) श्री ए.के. अग्रवाल के निर्देशन में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी एवं सहयोगियों ने किया। शपथ समारोह का संचालन करते हुए उपमहाप्रबंधक जनसंपर्क श्री विजय मिश्रा ने बताया कि किसी भी इंसान की जिंदगी आजादी और बराबरी का अधिकार ही मानव अधिकार है।

आगे उन्होंने कहा कि इंसानी अधिकारों को पहचान देने तथा मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मो सितम को रोकने हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 1948 को विश्व मानव अधिकार घोषणा पत्र जारी किया। साथ ही प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस मनाने की घोषणा की। पूरे विश्व में मानव अधिकार के मसीहा के रूप में नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग, दलाई लामा आदि जाने जाते है। ऐसे महान विभूतियों के विचारों की चर्चा भी शपथ समारोह में की गयी। शपथ समारोह में विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण, ट्रेडिंग एवं होल्डिंग कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ियारी में कर्मचारियों के लिये कार्यशाला आयोजित



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्या. गुढ़ियारी के नवनिर्मित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में सी.आई.आर.ई. हैदराबाद के सहयोग से सी एण्ड डी के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय वैरियेण्ट 4 प्रशिक्षण का आयोजन 18 से 20 नवम्बर तक किया गया. इसके तहत् कार्यालयीन कर्मचारियों को वित्तीय, भण्डार प्रबंधन और कार्यालयीन प्रशासनिक कार्यों में कुशलता और दक्षता लाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया. जिसके तहत् तृतीय श्रेणी के कार्यालयीन कर्मचारियों को समय प्रबंधन उपभोक्ताओं की सेवा में अनवरत सुधार लाने हेतु उपभोक्ता सम्बन्ध, उचित संचार सुविधा तनाव प्रबंधन आदि विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (संचा/संधा) श्री एच.आर.नरवरे कार्यपालक निदेशक (रायपुर क्षेत्र) श्री एम.एल.मिश्रा एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.आर. पटेल मंचासीन थे।



इस अवसर पर श्री नरवरे ने कहा कि प्रशिक्षण से कर्मी रिफ्रेश होता है. हमे ऐसी तकनीक अपनाना चाहिए कि जो हमारी गलतियों को रोके और कम समय में अच्छा परिणाम निकल आये. इसी क्रम मे श्री एम.एल. मिश्रा, ने कहा कि कर्मचारियों की कुशलता तथा कार्यदक्षता बढ़ाना प्रबंधन की जिम्मेदारी है, कार्यालयीन कार्यों में होने वाली त्रुटियों में सतत् सुधार ही कार्यक्षमता को बढ़ाता है। इस अवसर पर श्री पटेल एवं संयोजक कार्यपालन अभियंता श्री एस.ए. हसन ने भी प्रशिक्षणार्थियों संबोधित किया.

# विद्युत कर्मियों ने बांटे कपड़े व पटाखे




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के कर्मचारियों ने गरीब बस्ती में पटाखे और कपड़े वितरित किए। सभी कर्मचारी मिलकर कपड़े एकत्रित किए और उन कपड़ों को बूढ़ापारा विद्युत कार्यालय के समक्ष बढ़ते कदम संस्था के सदस्य मनोज को सौंपा गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए राजेन्द्र ओझा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के कर्मचारी जहां एक ओर अपने कार्य को चाहे वह उत्पादन का हो, पारेषण का हो अथवा वितरण का पूरी ईमानदारी और लगन से करते हैं। वहीं वे अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी सचेत और सजग रहते है और पूरी निष्ठा के साथ उनका निर्वहन भी करते है। इसका एक उदाहरण 16 नवम्बर को देखने को मिला। कपड़े वितरित करने वालों में राजेन्द्र प्रसाद ओझा, सुनील अग्रवाल, किरण शर्मा, के.जयप्रकाश, राजेश कुमार, रूखसाना खान, प्रीति साहू, अजय सिंग, अंकुश, तोमन यदु, जसबीर सिंग, पन्ना लाल आदि सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिलासपुर में "सी एण्ड डी" कर्मचारियों का बुनियादी प्रशिक्षण संपन्न



बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रशासकीय भवन स्थित कार्यालय में लाईन कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 08 से 11 दिसम्बर 2015 तक संपन्न हुआ। आर.ई.सी. के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सी और डी तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का एक उद्देश्य यह भी होता है कि कर्मचारी आपस में मिल कर चर्चा करें और एक-दूसरे की बेहतर कार्यशैली को ग्रहण कर, अपने कार्य को और बेहतर बनाये। प्रशिक्षण में विद्युत अधिनियम 2003, त्वरित विद्युत विकास, एवं सुधार कार्यक्रम, लाईन निर्माण, अर्थिंगअर्थ टेस्टर, अर्थ रेसिस्टेंट, ट्रांसफार्मर रिपेरिंग, मीटरिंग की बुनयादी बातें, एवं मीटरों के प्रकार, केपेसिटर, अग्निशमन, उपभोक्ता संबंध, लाईनमेन के कर्तव्य, ऊर्जा मापक एवं विद्युत चोरी रोकथाम जैसे विषयों पर व्याख्यान दिये गये।

इस कार्यक्रम के वक्ता एवं संयोजक श्री जी.पी. सोनवानी, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री ए.के. श्रीवास्तव एवं कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. दुबे उपस्थित थे।

# बिलासपुर क्षेत्र में सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई





बिलासपुर क्षेत्र से नवम्बर-दिसम्बर 2015 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को एक सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल ने सेवानिवृत्तजनों की सेवायात्रा को बहुमूल्य निरूपित किया तथा उनकी कार्यकुशलता के अनुभव का लाभ लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर उन्हें प्रतीकात्मक भेंट तथा विभिन्न प्रकार के भुगतानों के धनादेश प्रदान किये गये। विदाई समारोह में पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त हुए लेखा अधिकारी श्री आर. एस. मिश्रा, अनुभाग अधिकारी श्री डी.के. सिह, सर्वश्री बुधनाथ साय, परदेशी लाल यादव, भरत सिंह यादव, जोसेफ टोप्पो, धरम सिंह, गणेश राम राठौर, सुरेन्द्र कुमार राठौर, सुखदेव प्रसाद साहू, बालमुकुन्द, माया राम साहू, सिद्धी राम साहू, श्री सैमुयल मसीह, सैय्यद सादिक अली, सुकृत दास मानिकपुरी, बद्री प्रसाद साहू, माखन लाल, चन्द्रकांत साहू ने अपनी सेवायात्रा के दौरान मिले सहयोग के आभार व्यक्त किया।

विदाई समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण यंत्री सर्वश्री पी.एल सिदार, ए.के. श्रीवास्तव, जी.पी. सोनवानी, व्ही.आर. मौर्या कार्यपालन यंत्री सर्वश्री सी.बी.एस. राठौर, जी.पी. अनंत, श्री दुबे एवं कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्री आर.पी. गुरूदीवान कल्याण अधिकारी एवं मुकेश माथुर प्रकाशन सहायक द्वारा किया गया।

# तनावमुक्त एवं शून्य दुर्घटना पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न





बिलासपुर क्षेत्र के प्रशासकीय सभाकक्ष भवन में विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीण इलाकों में पदस्थ लाइनमेन के लिए तनावमुक्त एवं शून्य दुर्घटना विषय पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 22 से 23 दिसम्बर 2015 को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अति.मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण यंत्री श्री व्ही.आर. मौर्या द्वारा किया गया। बिलासपुर क्षेत्र के तनावमुक्त एवं शून्य दुर्घटना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड, श्रम मंत्रालय भारत सरकार के शिक्षा अधिकारी श्री कोमल सिंह ठाकुर द्वारा कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नशामुक्ति, दुर्घटना से बचाव, समूह कार्य एवं जीवन की गुणवत्ता आदि विषयों पर व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम का समापन अति.मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को तनावमुक्त रहने के लिए जरूरी है कि प्रशिक्षण में बताये गये बातों का पालन करते हुए इन्हें आत्मसात करें। कार्यक्रम में अधीक्षण यंत्री श्री व्ही.आर. मौर्या, कार्यपालन यंत्री श्री सी.बी.एस. राठौर, कल्याण अधिकारी श्री आर.पी. गुरूदीवान एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लाइनमेन उपस्थित थे।

# डीएसपीएम संयंत्र कोरबा पूर्व के प्रभावी मॉडल का निर्माण



डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के प्रशासनिक भवन में निर्मित डीएसपीएम संयंत्र कोरबा पूर्व के मॉडल का उद्घाटन-अवलोकन कार्यपालक निदेशक (संचारण-संधारण) श्री ए.के. सक्सेना द्वारा 24 सितम्बर 2015 को किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री एस.एन. रावत, एम.एस. कंवर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। मॉडल की बनावट को सभी उपस्थितजनों ने आकर्षक एवं बहुपयोगी बताते हुए इसके निर्माणकर्ताओं की सूझबूझ की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मॉडल का निर्माण कोरबा पूर्व के परीक्षण संभाग की देखरेख में अधीक्षण अभियंता (ईटी एंड आई) द्वारा किया गया।



## कोरबा पूर्व में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न






कोरबा पूर्व में आयोजित औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एम.के.चौधरी ने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसमें कर्मियों को सुरक्षा नियमों एवं उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी जाती है। अति.मुख्य अभियंता श्री आर.एस.ठाकुर ने कर्मियों से आव्हान किया कि कार्य में किसी प्रकार की सुरक्षा संबंधी लापरवाही न करें जिससे कि संयंत्र एवं मानव संसाधन को नुकसान हो। श्री बी.बी.पी.मोदी ने आतुरता न होना, जल्दबाजी से बचना, सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग,को एक कुशल कामगार की पहचान बताया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलया गया। मुख्य संरक्षा अधिकारी आर.एल.ध्रुव के द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात प्रश्नमंच का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. जी.पी.दुबे,वरि.मुख्य रसायनज्ञ, अधीक्षण अभियंता ए.व्ही.कुलकर्णी, एम.एल.राठौर, एम.एल.केरकेट्टा, आर.लकरा, बी.बी.डी. जायसवाल, ए.एन.बहल, एन.के.पाण्डेय मुख्य रसायनज्ञ उपस्थित थे।

संरक्षा सप्ताह के दौरान गृहणियों के लिए आयोजित निबंध एवं नारा प्रतियोगिता में श्रीमती भावना धुर्वे, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती वंदना साहू, श्रीमती बबुली चौधरी, श्रीमती अहिल्या बाई राठौर तथा कार्मिक वर्ग में श्री एस.के.साहू,श्रीमती बबुली चौधरी, श्री संतोषराव धुर्वे, विद्यालयीन बालक बालिकाओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कु.काजल साहू, आदित्य राव धुर्वे, ओंमकार, तेजस्वनी साहू, शमा बानों, शबा परवीन तथा अन्य सभी छात्रों एवं प्रतिभोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस.पी.बारले वरि.कल्याण अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन ए.व्ही.कुलकर्णी, अधीक्षण अभियंता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सिंह एवं केन्द्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

## अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री नेताम की पदोन्नति पर विदाई



क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.एस.नेताम को मुख्य अभियंता (जगदलपुर क्षेत्र) के पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एम.एल.मिश्रा ने श्री नेताम के कार्यशैली की प्रषंसा करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी। उन्होंने श्री नेताम को पुष्प-गुच्छ एवं प्रतीकात्मक भेंट प्रदान कर सम्मानित किया।

बिदाई समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.एस.राजेन्द्र प्रसाद के संग अतिरिक्त मुख्य अभियंता (प्रभार) सर्वश्री पी.एस. यादव, बी.एल. तिर्की, आई.डी. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता ए.आर. बुनकर, महावीर विश्वकर्मा, विधि अधिकारी श्री आर.के. बिश्वास, प्रशासनिक अधिकारी प्रकाष तललवार, अनुभाग अधिकारी ए.आर. खान तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया






कोरबा पूर्व में 14 से 21 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अभियंता श्री एम.के. चौधरी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए अपील करते हुए गतमाह विशिष्ट तेल खपत में कमी कर तेल ऊर्जा की बचत करने के लिए कोरबा ताप विद्युत गृह के कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सभी को ऊर्जा संरक्षण हेतु शपथ दिलाया। कारखाना प्रबंधक श्री आर.एस.ठाकुर ने ऊर्जा की बचत कर राष्ट्र की तरक्की एवं समृद्धि में सहयोग के लिए प्रयास करने पर बल दिया। इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता श्री बी.बी.पी.मोदी ने कहा कि प्रतिदिन विद्युत ऊर्जा की अधिक से अधिक बचत करनी चाहिए। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान ए.व्ही.कुलकर्णी,ए.एन. बहल,एम.एल.राठौर, बी.बी.डी.जायसवाल एवं मुख्य रसायनज्ञ एन.के.पाण्डेय की विशिष्ट भागीदारी रही।

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान गृहणियों/विद्यार्थियों/कार्मिक वर्ग के लिए निबंध एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरि.कल्याण अधिकारी एस.पी. बारले तथा आभार प्रदर्शन ए.व्ही.कुलकर्णी अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया।





# अंतरक्षेत्रीय हॉकी में बिलासपुर को चैम्पियन का खिताब

अम्बिकापुर में आयोजित अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम को हराकर विजय प्राप्त करने वाले बिलासपुर क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों को बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने तथा क्षेत्र का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन अम्बिकापुर स्थित हॉकी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। स्पर्धा के फायनल रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने कोरबा पश्चिम की टीम को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। अम्बिकापुर क्षेत्र में आयोजित स्पर्धा में राज्य की नौ टीमों ने भाग लिया। मैच के अंतिम मिनट में बिलासपुर के स्ट्राईकर रियाज कुरैशी ने कोरबा रक्षापंक्ति को छकाते हुए बेहतरीन गोल किया और बिलासपुर को जीत दिलाई।

# कोरबा ताप विद्युत गृह में सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान




कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत हुए संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी दो श्री आर. सी. चेट्टी संयंत्र सहायक -दो श्री बनवारीराम प्रभाकर एवं वाहनचालक श्री लच्छू राम को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य अभियंता श्री एम.के.चौधरी, अति.मुख्य अभियंता श्री आर.एस.ठाकुर, मानव संसाधन प्रमुख श्री बी बी पी मोदी ने पुष्पगुच्छ देकर सेवानिवृत जनों का अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, सेवा पदक प्रदान किया गया।

मुख्य अभियंता श्री चौधरी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुए अनुकरणीय बताया एवं उनके परिवारजनों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इसी क्रम में श्री ठाकुर, श्री मोदी तथा सभी श्रमिक संगनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों तथा कोरबा पश्चिम के श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंगल कामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

वरि.रसायनज्ञ श्री सुनील नायक, बी.एम.एस के श्री शमीम खान ने सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में उद्बोधन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विशेष कर श्री आर.सी.चे द्वारा संगठन पदाधिकारी के रूप में कर्मचारी हित में कराये गये कार्य का उल्लेख किया तथा उन्होंने सभी कर्मियों के द्वारा किये गये कार्यो को कंपनी की समृद्धि के लिए लाभप्रद बताया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन ए.व्ही.कुलकर्णी अधीक्षण अभियंता तथा कार्यक्रम का संचालन श्री एस.पी.बारले वरि.कल्याण अधिकारी ने किया।

# अंतरक्षेत्रीय कबड्डी स्पर्धा जगदलपुर में संपन्न



अंतरक्षेत्रीय कबड्डी स्पर्धा जगदलपुर स्थित कल्याण केन्द्र प्रागंण में 15 से 17 दिसम्बर 2015 तक संपन्न हुई। स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल की प्रशंसा करते हुए विजेताओं को बधाई दी तथा भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन करने की कामना की। रायपुर क्षेत्र एवं जगदलपुर के मध्य प्रथम सेमीफाइनल तथा केन्द्रीय कार्यालय, रायपुर तथा कोरबा पश्चिम के मध्य द्वितीय सेमाफाइनल हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोरबा पश्चिम एवं रायपुर क्षेत्र के मध्य खेला गया जिसमें कोरबा पश्चिम की टीम विजेता रहा जबकि उपविजेता रायपुर क्षेत्र की टीम रहीं। स्पर्धा के बेस्ट कैचर कोरबा पश्चिम के श्री माखन कश्यप एवं बेस्ट रेडर जगदलपुर क्षेत्र के श्री प्रवीण तिर्की को घोषित किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्णायक श्री किशोरी सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक श्री पी.एन. साहू एवं श्री जे.एन. साहू, राज्य स्तर के निर्णायक श्री प्रमोद कुमार चौधरी एवं श्री एम.आर. कश्यप तथा जिला स्तर के निर्णायक श्री मन्नूलाल साहू द्वारा सेवाएं दी गईं।

# मानचित्रकार श्री राजेन्द्र भट को भावभीनी विदाई





अम्बिकापुर क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पदस्थ मानचित्रकार श्री राजेन्द्र भट के सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। नमनाकला स्थित कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में विद्युत कम्पनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज एवं अधीक्षण अभियंता श्री ए. कुजूर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतिकात्मक भेंट, शाल एवं श्रीफल भेंट प्रदान कर शुभकामनायें देते हुए श्री भट के कार्यों को विद्युत विकास के लिए बहुमुल्य निरुपित किया। श्री भट के सेवा निवृत होने पर कम्पनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री एस. तिर्की, श्री एस.के. खाखा, क्षेत्रीय लेखाधिकारी श्री के.एल. मरकाम, श्री के.आर. मन्नेवार, प्रशासनिक अधिकारी श्री विकास श्रीवास्तव, श्री पी.डी. तिग्गा, पीआरओ श्री डी. एस. मण्डावी, अनुभाग अधिकारी सुश्री सरिता ठाकुर, श्रीमती गीता सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्युत कम्पनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

*Every body wants Happiness*
*Nobody wants Pain*
*But you can't have a rainbow*
*Without a little rain*

*छ.रा.विद्युत कंपनी मर्या.*

# हसदेव ताप विद्युत गृह में विदाई समारोह




हसदेव ताप विद्युत गृह से नवम्बर 2015 में सेवानिवृत्त हुये कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) श्री ओ.सी. कपिला ने कम्पनी द्वारा प्रदत्त कलाई घड़ी प्रशस्ति पत्र व प्रतिकात्मक भेंट सहित उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सर्वश्री अमृत लाल सिदार, हिजनूस मिंज, गोपाल दास वैष्णव एवं धनीराम भगत के सपरिवार सुखमय सुखी जीवन की कामना श्री कपिला ने की। आगे उन्होंने कहा कि अनेक मुश्किलों का सामना करते हुये सेवानिवृत्तजनों ने संयंत्र को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया है। इसी क्रम में श्री एन.के. बिजौरा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संचालन/संधारण) एवं श्री पी.के. सेलट वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ तथा श्री ए.एस. कोरम, श्री व्ही.के. पाण्डेय, श्रीमती महिमा मिंज, श्री एल.पी. मिश्रा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुये नई पीढ़ी के लिये प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का संयोजन श्री पी.के. दवे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एवं संचालन श्री आर.एस. रात्रे कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

## लक्ष्मी का वाहन उल्लू क्यों ?

स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को भारतीय संस्कृति तथा अध्यात्म के रहस्य की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्म के सभी तत्वों का वैज्ञानिक महत्व भी है। इसलिए संस्कृति तथा अध्यात्म को वैज्ञानिकता से जोड़ कर देखा जाता है। इस पर एक छात्र उठकर व्यंग्यात्मक लहजे में बोला, 'वास्तव में आपकी संस्कृति महान है, तभी तो आपके यहां देवी लक्ष्मी का वाहन उल्लू बताया गया है जिसे दिन में दिखाई भी नहीं देता। जरा बताइए कि देवी लक्ष्मी का वाहन उल्लू होने के पीछे क्या वैज्ञानिक तर्क है?' उसका प्रश्न सुनकर स्वामीजी शान्तिपूर्वक बोले, 'पश्चिमी देशों की तरह हमारे भारत देश में धर्म को ही सब कुछ नहीं माना गया है। इसलिए हमारे ऋषि मुनियों ने चेतावनी दी है कि लक्ष्मीरूपी धन असीमित मात्रा में आ जाए तो इंसान उल्लू सरीखा हो जाता है। यानी आंखे होते हुए भी वह दिन के उजाले में कुछ देख नहीं सकता। इसी का संकेत देने के लिए लक्ष्मी का वाहन 'उल्लू' बताया गया है। लक्ष्मी का वाहन उल्लू होने के पीछे यही वैज्ञानिक तर्क है।' स्वामीजी के इस जवाब पर सभी वाह-वाह कर उठे। इसके बाद स्वामीजी फिर बोले, 'सरस्वती ज्ञान और विज्ञान की प्रतीक है। इंसान का विवेक जागृत करने वाली है। इसलिए सरस्वती का वाहन हंस को बताया गया है। हंस नीर-क्षीर विवेक का प्रतीक है। संभवतः अब आप यह भली-भांति समझ गये होंगे कि संस्कृति व धर्म के सभी तत्वों के पीछे वैज्ञानिक तर्क छिपे हुए हैं।' सभी श्रोताओं के साथ ही वह अमेरीकी भी हंस और उल्लू के देवी-देवताओं का वाहन होने का वैज्ञानिक तर्क सुनकर स्वामीजी के प्रति नतमस्तक हो गया। वह उसी दिन से भारतीय संस्कृति व स्वामीजी का प्रशंसक बन गया।





# एकाग्रता का अनूठा उदाहरण है श्री प्रदीप रेगे द्वारा निर्मित गुलाब का रेखाचित्र



चित्रकला के शौकीन तो बहुत होते हैं किंतु छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय के सचिवालय में कार्यरत श्री प्रदीप रेगे ने गुलाब के फूल के रेखाचित्र पर कुल 2551 बार सांईराम लिखकर अद्भुत कला और एकाग्रता को प्रस्तुत किया। अत्यंत बारीक अक्षर में पठनीयता को बनाए हुए गुलाब के आकार के अलावा पूर्व में भी इन्होंने विविध आकार में अपनी ऐसी अनूठी कला को प्रदर्शित किया है। अपनी इस कृति को वे मानसिक विकृतियों से दूर रहने के साथ ही आत्मिक बल संग आत्मविश्वास में भी वृद्धि का एक बड़ा माध्यम कहते हैं।

## मोबाइल फोन की बैटरी ऐसे होगी जल्द चार्ज

आजकल हर व्यक्ति मोबाइल फोन का उपयोग करता है, वहीं धीरे-धीरे स्मार्टफोन्स यूजर्स की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लेकिन स्मार्टफोन यूजर्स के सामने सबसे बड़ी समस्या हैंडसेट की जल्दी से खत्म होने वाली बैटरी की होती है। स्मार्टफोन में बैटरी तो जल्दी खत्म होती है लेकिन चार्ज होने में भी समय काफी लेती है। लेकिन हम आपको ऐसी ट्रिक्स बता रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने स्मार्टफोन बहुत ही कम समय में फुल चार्ज कर सकते हैं।

» **स्मार्टफोन का एयरप्लेन मोड में रखकर चार्ज करें** - यदि आप स्मार्टफोन का एयरप्लेन मोड में डालकर चार्ज करते है तो उसकी बैटरी जल्दी चार्ज होगी, क्योंकि मोड में कोई भी वायरलेस रेडियोज आपके फोन में नहीं आएंगे, यानी इंटरनेट, कॉल और मैसेज बंद हो जाएंगे। इससे आपका हैंडसेट दुगनी स्पीड से चार्ज होगा।

» **मोबाइल को ओरिजनल चार्जर से ही चार्ज करें** - ऑरिजनल चार्जर से नकली चार्जर की तुलना में स्मार्टफोन की बैटरी जल्दी चार्ज होती है। आजकल एंड्रायड स्मार्टफोन में यूनिवर्सल चार्जर लगते हैं, पर यह जरूरी नहीं कि सभी चार्जर आपके फोन के लिए सही हो। ऐसे में यदि आपको मोबाइल फोन जल्दी चार्ज करना है तो उसके साथ आए हुए ऑरिजनल चार्जर से ही चार्ज करें।

» **मोबाइल फोन को स्विच ऑफ करके चॉर्ज करें** - यदि आप अपने हैंडसेट को यूज में नहीं ले रहे हैं तो उसे स्विच ऑफ करके चार्ज करना सबसे बेहतर होगा। इस ट्रिक से आपका स्मॉर्टफोन एयरप्लेन मोड से भी ज्यादा तेज गति से चार्ज होगा।



» **मोबाइल फोन पावर सेविंग मोड डालकर करें चार्ज** - यदि आपको अपना स्मार्टफोन ऑफ नहीं करना और ना ही एयरप्लेन मोड में डालना है तो आप उसे पावर सेविंग मोड में डाल दें। आजकल यह फीचर लगभग सभी एंड्रायड स्मार्टफोन्स में आता है। इस फीचर को एनेबल करते ही फोन के ओएस के तमाम बैकग्राउन्ड प्रोसेस बंद हो जाएंगे। इसके अलावा नोटिफिकेशन भी नहीं आएंगे। इस ट्रिक से फोन जल्दी से चार्ज होगा।

## सातों दिन एटीपी मशीन के माध्यम से बिजली बिलों का भुगतान

» **प्रदेशभर में 65 एटीपी मशीन संचालित**

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा-सुविधा में निरन्तर वृद्धि की जा रही है। उपभोक्तागण विद्युत बिलों के भुगतान करने के लिये बिल काउंटरों में लम्बी कतारों से बचकर सहजता के साथ बिजली बिलों का भुगतान ए.टी.पी.(आल टाईम पेमेंट मशीन) के माध्यम से कर रहे हैं। एटीपी मशीन से बिजली बिल जमा करने में उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इस हेतु नये आदेश लागू किये गये हैं। इससे अब उपभोक्तागण सातों दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपने बिजली बिलों का भुगतान एटीपी मशीन के माध्यम से कर सकते हैं। वर्तमान में प्रदेश में 65 एटीपी मशीन संचालित हैं। एटीपी मशीन के संचालन हेतु नियुक्त कर्मियों के लिये दोपहर 2.00 बजे से 2.30 बजे (अपरान्ह) तक भोजनावकाश रहेगा। एटीपी मशीन के माध्यम से बिजली बिलों का भुगतान अवकाश दिवस पर भी किया जा सकता है। इस हेतु कोई साप्ताहिक अवकाश नहीं रहेगा। एटीपी मशीन के साथ साथ उपभोक्तागण एटीएम एवं ऑन लाईन से भी बिजली बिलों का भुगतान कर रहे हैं। पॉवर वितरण कंपनी द्वारा बिल भुगतान की सुविधा के साथ साथ बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निदान करने सेंटर कॉल सेंटर की भी स्थापना की गई है, जहां चौबीस घंटे सातों दिन दूरभाष नंबर 1912 पर किसी भी क्षेत्र की विद्युत विषयक समस्या के निदान हेतु शिकायत दर्ज कराई जा सकता है। यह कॉल सेंटर अवकाश के दिनों में भी सतत् चालू रहता है साथ ही यहां सेवारत कर्मी अंग्रेजी/हिन्दी के अलावा छत्तीसगढ़ी भाषा में भी उपभोक्ताओं की समस्याओं को दर्ज करते हैं।

# गुमशुदा

अचानक
हो गए लापता
बाबूजी
शाम के बाद नहीं लौट घर
किसी से कहा नहीं
कुछ भी
जाने से पहले
माँ से भी नहीं

रोज निकलते थे/शाम को/टहलने के लिए
लौट आते थे
अंधेरा होने से पहले
आज नहीं लौटे

लापता होने की सूचना दी हमने
थानें में/अखबारों में/दोस्तों को
नहीं आई कोई खबर
माँ दे रही थी जवाब

लोगों को
पूछे जाने पर
कि ठीक थी बाबूजी की तबियत
और घर का माहौल

वजह नहीं जानती थी माँ
फिर भी उठ रहे थे सवाल
जैसे उठा करती है
उंगलियां दूसरों पर
लोगों को नहीं थी
फिक्र/अफसोस/दुख
थी तो सिर्फ जिज्ञासा
लापता होने की वजह।



**देवांशु पाल**
डी.एम.कार्या. अधीक्षण यंत्री (सं./सं.) वृत्त
छ.रा.वि.वि.क. मर्या. बिलासपुर



# भूली बिसरी यादें

भूली बिसरी याद हमारी
उन यादों को पिरोना हैं।
आज की बातें समझ न आये
उन यादों को पिरोना है।
चाह के हम बोल न पायें,
इस दर्द को किसे बतलाना है।
भूली बिसरी याद हमारी
उन यादों को पिरोना है।
इस दुनिया में क्या भूले हम,
एक दिन याद दिलाना है।
भूली बिसरी याद हमारी
उन यादों को पिरोना है।
इस दुनिया में आये है हम,
एक दिन फिर से जाना है।
भूली बिसरी याद हमारी
उन यादों को पिरोना है।
अपनों का कभी साथ न छोड़ो,
बस यही याद दिलाना है।
भूली बिसरी याद हमारी
उन यादों को पिरोना है।




**उम्मेश अय्यर**
संयंत्र सहायक श्रेणी-दो
कर्मशाला गैरेज, कोरबा पश्चिम

# जीने का सलीका

एक बार की बात है, दीपावली की शाम थी, मैं दीये सजा ही रहा था कि एक ओर से दीपों के बात करने की आवाज सुनाई दी। मैंने ध्यान लगा कर सुना। चार दीपक आपस में बात कर रहे थे। कुछ अपनी सुना रहे थे कुछ दूसरों की सुन रहे थे। पहला दीपक बोला, मैं हमेशा बड़ा बनना चाहता था, सुन्दर, आकर्षक और चिकना घड़ा बनना चाहता था पर क्या करूं जरा-सा दीया बन गया।

दूसरा दीपक बोला, मैं भी अच्छी भव्य मूर्ति बन कर किसी अमीर के घर जाना चाहता था। उनके सुंदर, सुसज्जित आलीशान घर की शोभा बढ़ाना चाहता था। पर क्या करूं मुझे कुम्हार ने छोटा-सा दिया बना दिया।

तीसरा दीपक बोला, मुझे बचपन से ही पैसों से बहुत प्यार है काश मैं गुल्लक बनता तो हर समय पैसों में रहता।



चौथा दीपक चुपचाप उनकी बातें सुन रहा था। अपनी बारी आने पर मुस्करा कर अत्यंत विनम्र स्वर में कहने लगा, एक राज की बात मैं आपको बताता हूं, कुछ उद्देश्य रखकर आगे पूर्ण मेहनत से उसे हासिल करने के लिए प्रयास करना सही है लेकिन यदि हम असफल हुए तो भाग्य को कोसने में कहीं भी समझदारी नहीं है। यदि हम एक जगह असफल हो भी जाते हैं तो और द्वार खुलेंगे। अब यहीं सोचो, दीपों का पर्व दीवाली आ रहा है, हमें सब लोग खरीद लेंगे, हमें पूजा घर में जगह मिलेगी, कितने घरों की हम शोभा बढ़ाएंगे। इसलिए दोस्तों, जहां भी रहो, जैसे भी रहो, हर हाल में खुश रहो, द्वेष मिटाओ। खुद जलकर भी दूसरों में प्रकाश फैलाओ, नाचो-गाओ और खुशी-खुशी दीवाली मनाओ।

# बिजली जलती है तो जिंदगी चलती है

बिजली जलती है तो जिंदगी चलती है
बटन दबाते ही प्रकट होती है
जैसे यहीं कहीं रहती है।
ये है तो रात भी दिन है
नहीं तो दिन भी संगीन है।
कभी फ्यूज उड़ जाये
तो नींद उड़ जाये। हर क्षेत्र में धाक है
बिजली... क्या बात है।
विकास की धुरी है
जिंदगी के लिए जरूरी है।
सदुपयोग के साथ
बचत जरूरी है।
आदमी नहीं कमरे में, और लाईट जलती है
ये तो बिजली की सरासर बरबादी है।
चालू न छोड़े अंहकार में, कि बिल हमीं को भरना है
ध्यान रहे, औरों का घर भी रौशन करना है।
बिजली के तार को छेड़ना,
वायलिन के तार को छेड़ने से, अलग बात लगती है।
वायलिन के तार से राग फूटता है
बिजली के तार से चिंगारी फूटती है।
बिजली की चोरी नहीं, बचत करे
स्वयं करे, अन्य का मार्ग प्रशस्त करें।
क्योंकि बिजली जलती है
तो जिंदगी चलती है।

**सुनील पांडे**
वरिष्ठ शीघ्रलेखक
छ.रा.वि.पॉ.कं., रायपुर



## नन्हे मुन्नों ने उकेरा प्राकृतिक सौंदर्य

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विगत चार वर्षों से संचालित बाल विकास को समर्पित सामाजिक संस्था सार्थक द्वारा बाल प्रतिभा को निखारने व मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बाल दिवसीय आयोजन एवं वार्षिकोत्सव कल्याण भवन विद्युत मंडल परिसर तिफरा में मनाया गया जिसमें चित्रकला, गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक बिलासपुर रीजन श्री पी.के. अग्रवाल, मुख्य अभियंता श्री अनिल व्यास, श्रीमती आरती व्यास, श्री शरद श्रीवास्तव एवं श्रीमती श्रीवास्तव ने बच्चों को आर्शीवचन दिए। अतिथियों ने बच्चों को कार्यक्रम में उत्साह से भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्म विश्वास बढ़ता है तथा नई-नई चीजें सीखने को मिलती हैं। कार्यक्रम का संचालन महेश श्रीवास तथा आभार प्रदर्शन संस्था के संतोष महतो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे।

## संस्कृति महिला मंडल का दीपावली मिलन समारोह



छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी बिलासपुर की संस्कृति महिला मंडल द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मंडल की अध्यक्षा श्रीमती उषा अग्रवाल ने बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमे घरों को रोशन करने के अलावा अपने संबंधों में भी उज्वल बनाये रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर साड़ी ड्रापिंग, फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक के रूप में श्रीमती नंदा तिवारी, श्रीमती शेख एवं श्रीमती पूजा उपस्थित थी। फैशन शो में श्रीमती शोभना डे प्रथम, श्रीमती रेणु चौधरी द्वितीय एवं श्रीमती तृप्ति जांगड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति भोजक ने किया तथा इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती अर्चना बंछोर, कुमुद वर्मा, अलका बोरकर, गिरजा महालिया, सरिता सिंह एवं उपस्थित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन श्रीमती रंजना कनकने के द्वारा किया गया।

## बिलासपुर क्षेत्र में कनिष्ठ यंत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



बिलासपुर क्षेत्र के विभिन्न वितरण केन्द्रों में पदस्थ 25 कनिष्ठ अभियंताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन स्थित कार्यालय में 26 से 28 नवम्बर 2015 तक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकुशलता में वृद्धि होती है जिससे कार्यक्षेत्र में इसका बेहतर परिणाम प्राप्त होता है। प्रशिक्षण में विद्युत वितरण ट्रांसफार्मरों का संचारण एवं संधारण, त्वरित सुधार, खराब होने ये बचाव, बिजली की बुनियादी स्त्रोत, लाईनों की कमीशनिंग, लाईन इंस्पेक्शन एवं रखरखाव, उपभोक्ता संबंध, 33/11 केव्ही सब स्टेशन, विद्युत चोरी की रोकथाम तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना जैये विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में श्री जी.पी. सोनवानी, अधीक्षण यंत्री श्री एस.के. दुबे, श्री आर.के. लकड़ा, कार्यपालन अभियंता एवं श्री सी.एम. बाजपेयी, श्रीमती आशा कुंडू, श्रीमती तृप्ति जांगडे सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## बिलासपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बिलासपुर क्षेत्र में अस्थि रोग (ऑस्टीयोपोरोसिस) संबंधी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 05 दिसम्बर 2015 को कंपनी औषधालय तिफरा में किया गया। कार्यक्रम में 108 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परीक्षण किया गया जिसमें 8 गंभीर रूप से पीड़ित पाये गये, उन्हें रोग से बचाव संबंधी सलाह एवं दवाईयां विभागीय चिकित्सकों द्वारा दी गई। उक्त शिविर में कार्यपालक निदेशक बिलासपुर क्षेत्र श्री पी.के. अग्रवाल ने सपरिवार अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. टी.ए. सिंह, डॉ. एस.एल. कोरटिया एवं औषधालय के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# महिला मण्डल द्वारा पालनाघर का उद्घाटन



आदर्शिनी महिला मण्डल डंगनिया रायपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा शिवराज सिंह ने नये सुविधायुक्त पालनाघर का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियां करते रहने की प्रेरणा दी। आयोजन में मूक बधिर बच्चों की संस्था कोपलवाणी द्वारा कन्या बचाओ एवं देशभक्ति की नाट्य प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने सराहा। पालनाघर के नन्हें बच्चों द्वारा कविता पाठ एवं फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति द्वारा सबका मनोरंजन भी किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह एवं श्रीमती किरन सिंह ने कोपलवाणी संस्था को सहयोग राशि 5100/- का चैक प्रदान किया।

अपनी गतिविधियों को सतत् बनाये हुए इसी तरह आदर्शिनी महिला मण्डल डंगनिया रायपुर द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती किरन सिंह द्वारा मजेदार कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए मण्डल के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन श्रीमती कुमकुम जैन, श्रीमती ममता मिश्रा एवं श्रीमती नीलम भादे द्वारा किया गया। सचिव श्रीमती दीपा चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## हमारे गौरव

### पूनम नायक



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यालय सहायक प्रबंधक (केन्दीय लेखा इकाई) में कार्यरत श्री लोचन प्रसाद नायक कार्या. सहा. श्रेणी-दो की सुपुत्री कुमारी पूनम नायक के द्वारा मनभावन रंगोली निर्मित की गई। कु. पूनम नायक चेन्नई में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। बधाई...

### रामशरण वर्मा




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय अधीक्षण अभियंता (शहर वृत्त) - दो, गुढ़ियारी में कार्यरत रामसरन वर्मा, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो ने दिनांक 28 एवं 29 नवम्बर 2015 को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर लिफ्टर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। बधाई...

### आशना एवं आर्यन दिल्लीवार





छ.रा.पॉवर वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (संचा./संधा.) रायपुर कार्यालय में पदस्थ सहायक अभियंता श्रीमती संध्या दिल्लीवार एवं छत्तीसगढ़ राज्य नियामक आयोग रायपुर में पदस्थ संयुक्त संचालक श्री कमलेश दिल्लीवार के पुत्र आर्यन दिल्लीवार एवं पुत्री आशना दिल्लीवार ने कराते स्पर्धा में जीत हासिल किया हैं। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद स्कूल एवं जी तोकू काई कराते स्कूल गोमती इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वाधान में "ओपन नगर स्तरीय आमंत्रण कराते चैम्पियनशिप" 29 नवंबर 2015 को रायपुर में आयोजित किया गया था। उक्त स्पर्धा में आर्यन दिल्लीवार ने Group Under 14 Years में कुमीते में प्रथम स्थान एवं काता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है एवं आशना दिल्लीवार ने Group Below 6 Years में कुमीते एवं काता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हैं। बधाई...

# कनिष्ठ अभियंताओं तथा कार्यालय सहायकों के लिये तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी अंबिकापुर क्षेत्र द्वारा कनिष्ठ अभियंताओ तथा कार्यालय सहायको के लिये तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जूनियर इंजीनियरों के लिए आयोजित कार्यशाला में चारों विभागीय संभाग क्रमशः अंबिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर एवं मनेन्द्रगढ़ (कोरिया) के कनिष्ठ अभियंता एवं कार्यालय सहायक शामिल हुए।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री एस.के. ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होने उपस्थित कनिष्ठ अभियंताओं/कार्यालय सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'प्रशिक्षण कार्यकुशलता में वृद्धि का एक जरिया है' प्रशिक्षण सत्र में बताई गई बातों को अपनी कार्यशैली में सम्मिलित करना चाहिये। तकनीकी कार्यो में दक्षता, ज्ञान, अभिरूचि, कुशलता तथा क्षमताओं में वृद्धि के लिये ही प्रशिक्षण का आयोजन होता है। मैदानी क्षेत्रों में विकट परिस्थितियों में कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी विद्युत कंपनी के लिये एक मिसाल साबित होते हैं।

कार्यशाला में कनिष्ठ अभियंताओ को भारत विद्युत सेक्टर का परिदृश्य, सुधार की संकल्पना, आरजीजीवीवाई, आर-एपीडीआरपी, विद्युत अधिनियम 2003, विद्युत की बुनियादी जानकारी तथा एटी एंड सी हानियां, ऊर्जा के मीटर, मीटरों के प्रकार उनके उपयोग तथा एलटी सिंगल फेज और पॉली फेज मीटर, सीटी मीटरों सहित एलटी मीटर स्थापित और चालू करना, एचटी मीटरिंग, एनर्जी मीटरिंग, बिलिंग एवं कनेक्षन विधियां, उन्नत मीटरिंग - टाइम ऑफडे मीटरिंग, मीटर रीडिंग उपकरण, टेली-मीटरिंग, पूर्व भुगतान मीटर, स्पॉट बिलिंग, केन्द्रीय प्राधिकरण मीटरिंग कोड, उपभोक्ता अनुक्रमणी/सूची बनाना, एनर्जी एकांउटिंग और ऑडिट टैरिफ पॉलिसी/टैरिफ स्ट्रक्चर, विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार विद्युत चोरी के बचाव हेतु उपाय, सुरक्षा, उपभोक्ता संबंध प्रबंधन एवं कम्यूनिकेशन कला आदि विषयों पर व्याख्यान दिये गये।

इसी क्रम में कार्यालय सहायकों को बिजली वितरण कम्पनी के कार्य, खरीदारी संविदाओं के संबंध में सीवीसी के दिशानिर्देश, कार्य निष्पादन संबंधी पद्धतियां और प्रक्रियाएं, सूचना का अधिकार अधिनियम, विद्युत क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, प्रेरणा और तनाव को कम करना, उपभोक्ता सूचकांक का निर्धारण, विद्युत वितरण प्रणाली में ऊर्जा लेखांकन और लेखा परीक्षा व्यवस्था, विषय भण्डार लेखा, राजस्व प्रबंधन, स्थापना और कर्मचारियों को वेतन निर्धारण पेंशन अधिनियम, बजट में नियंत्रण प्रशासनिक कार्यों में कसावट हेतु आवश्यक उपाय जैसे विषयों पर कम्पनी के उच्च अधिकारियों द्वारा व्याख्यान दिये गये।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज, अधीक्षण अभियंता श्री ए. कुजूर, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एस. तिर्की, एस. खाखा, आर.के. मिश्रा, विजनलेंस ई. एस.पी. कुमार, प्रशासनिक अधिकारी विकास श्रीवास्तव, श्री ए.के. भारद्वाज प्रशासनिक अधिकारी सर्वश्री पी.डी. तिग्गा, के.एल. मरकाम, सहायक अभियंता एन.पी. सिंह, एस. प्रशासति, ए.के. रामटेके, पी.आर.ओ. डी.एस. मण्डावी उपस्थित हुए।



# जगदलपुर में सी एण्ड डी प्रशिक्षण कार्यक्रम



जगदलपुर क्षेत्र में सेवारत सी एंड डी श्रेणी के कर्मचारियों हेतु 28 से 31 दिसम्बर 2015 तक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह में मुख्य अभियंता श्री आर बी त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों से एकाग्रचित्त होकर बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि सहित आपस में अनुभव को बांटने का एक सशक्त मंच है। केन्द्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण संस्थान के दिशा-निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता श्री पी.के.शुक्ला, कार्यपालन अभियंतागण सर्वश्री ए.के.ठाकुर, टी.के.ठाकुर, कल्याण अधिकारी श्री डी.के.डुम्भरे, सहायक अभियंता सर्वश्री एन.एस.विष्ट, पी.एम.शर्मा, एम.के.ध्रुव एवं व्ही.के.टंडन ने व्याख्यान दिये।

# मड़वा परियोजना में औद्योगिक संरक्षा दिवस मनाया गया

मड़वा तेन्दूभाठा ताप विद्युत परियोजना में 3 दिसंबर 2015 को औद्योगिक संरक्षा दिवस (इंडस्ट्रीयल सेफ्टी डे) मनाया गया। परियोजना के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एके सिंह ने उपस्थित सभी अफसरों व कर्मचारियों को संरक्षा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्लांट के सभी अधिकारी व कर्मचारी प्लांट में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करें।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीपी मोड़क ने संयंत्र में जहरीली गैसों से बचाव के उपाय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संरक्षा को लेकर एक दिन ही नहीं लगातार समय-समय पर कार्यशालाएं या बैठकें होनी चाहिए। मुख्य संरक्षाधिकारी श्री रामप्रसाद राजपूत ने औद्योगिक संरक्षा दिवस मनाने का औचित्य और संरक्षा से जुड़ी सावधानियों पर प्रकाश डाला। श्री राजपूत ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बिजली संयंत्र में दुर्घटनाओं को रोकना है। शून्य दुर्घटना का लक्ष्य पाने की उनकी कोशिश रहेगी। कार्यक्रम में शिफ्ट केमिस्ट श्रीमती अर्चना पांडेय ने विद्युतगृह में होने वाली गैसों के रिसाव और उससे बचाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने सल्फ्यूरिक एसिड, कास्टिक सोडा, अमोनिया, ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन गैस से प्रभावितों को बचाने के उपाय बताए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों से औद्योगिक संरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे गए। प्रश्न मंच का संचालन संरक्षा अधिकारी श्री एनडी गोरी ने किया। मुख्य संरक्षाधिकारी श्री रामप्रसाद राजपूत ने आभार जताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता (परियोजना) श्री एसपी चेलकर समेत परियोजना के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।







## ॥ कुर्यात सदा मंगलम्॥



स्तुति संग अनिकेत

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी में अधीक्षण अभियंता (निर्माण वृत्त) रायपुर के पद पर पदस्थ श्री बी.के.नंदा की सुपुत्री सौ.कां. स्तुति का शुभ विवाह बालाघाट निवासी डॉ. संजय दाबड़गांव के सुपुत्र चि. अनिकेत के संग दिनांक 14 दिसम्बर 2015 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...



देवेश संग हर्षिता

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिलासपुर में कार्यरत श्री सुभाष चंद्र तिवारी, लाइनमेन के सुपुत्र चि. देवेश का शुभ विवाह जांजगीर-चांपा निवासी श्री रामलोचन शर्मा की सुपुत्री सौ.कां. हर्षिता के साथ दिनांक 30 नवम्बर 2015 को बिलासपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...

॥ कुर्यात सदा मंगलम् ॥



मिथुन संग संजुक्ता

छग राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी रायपुर के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय रायपुर में पदस्थ अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री गौतम मुखर्जी की सुपुत्री सौ.कां. संजुक्ता का शुभ विवाह श्री योगेश कुमार बैनर्जी के सुपुत्र चि. मिथुन के साथ 6 दिसम्बर, 2015 को रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई...



चन्द्रकांत संग पूजा

छग राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में कार्यरत श्री आई.पी. शारपा, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक के सुपुत्र चि. चन्द्रकांत का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री एस.आर. बर्मन की सुपुत्री सौ.कां. पूजा के साथ 13 दिसम्बर, 2015 को भिलाई में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई...



सम्यक संग जसकीर्ति

छग राज्य पॉवर वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त-एक, रायपुर के कार्यालय में कार्यरत श्री अशोक कुमार जैन, कार्यालय सहायक श्रेणी-दो की सुपुत्री सौ.कां. डॉ. जसकीर्ति का शुभ विवाह इंदौर निवासी डॉ. दिलीप के सुपुत्र चि. डॉ. सम्यक के साथ 15 नवम्बर, 2015 को इंदौर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई...



श्रद्धा संग प्रांचल

छग राज्य पॉवर पारेषण कंपनी के 132 के.व्ही. उपकेन्द्र, तिफरा, बिलासपुर के कार्यालय में कार्यरत श्री एस.के. मजूमदार, टी.ए. ग्रेड-एक की सुपुत्री सौ.कां. श्रद्धा का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री सुनील पाठक के सुपुत्र चि. प्रांचल के साथ 14 दिसम्बर, 2015 को बिलासपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई...



अनुकृति संग किशोर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी रायपुर के कार्यालय (उ.पा./ग्रा. वि.) संभाग में कार्यरत श्री राजेन्द्र जयंती लाल ओझा कार्यालय सहायक श्रेणी एक की सुपुत्री सौ.का. अनुकृति का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री दौलत राव श्याम जी साल्वे के सुपुत्र चि. किशोर के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2015 को रायपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई...

पति के पेट में जरा गड़बड़ थी। पत्नी से कहा तो कहने लगी : आजवाइन ले लो।
पति खुशी से : क्या करूं ? आज वाइन ले लूं।

•••

आज ओएलएक्स पर यह एड देखकर आंखें भर आईं : फॉर सेल : शादी का शेरवानी सूट, न्यू कन्डीशन में, सिर्फ एक बार पहना हुआ, वह भी गलती से।



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण / प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक




# 2016

## JANUARY

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## FEBRUARY

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | | | | | |

## MARCH

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

## APRIL

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## MAY

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

## JUNE

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

## JULY

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## AUGUST

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## SEPTEMBER

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |

## OCTOBER

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 31 | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

## NOVEMBER

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

## DECEMBER

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

• सामान्य अवकाश • II/III शनिवार • ऐच्छिक अवकाश

फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702, website - www.cseb.gov.in